मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4 **BHDE–101/EHD–1**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी. डी. पी.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2025

## (ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी)

## बी.एच.डी.ई.–101/ई.एच.डी.–1 : हिन्दी गद्य

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये। **प्रथम** प्रश्न अनिवार्य है।*

---

1. निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिये : 3×12=36

(क) देविन्दरलाल ने जाना कि दुनिया में खतरा बुरे की ताकत के कारण नहीं, अच्छे की दुर्बलता के कारण है। भलाई की साहसहीनता ही सबसे बड़ी बुराई है। घने बादल से रात नहीं होती, सूरज के निस्तेज हो जाने से हो जाती है।

(ख) यह तुम्हारी करनी है। तुम्हारे ही कारण आज मेरी यह दशा हो रही है। आज से छः साल पहले क्या इस घर की यही दशा थी ? तुमने मेरा बना–बनाया घर बिगाड़ दिया, तुमने मेरे लहलहाते बाग को उजाड़ डाला। केवल एक ठूँठ रह गया है। उसका निशान मिटाकर तभी तुम्हें संतोष होगा। मैं अपना सर्वनाश करने के लिये तुम्हें अपने घर नहीं लाया था। सुखी जीवन को और सुखमय बनाना चाहता था। यह उसी का प्रायश्चित है।

(ग) कह, रुक क्यों गई ...... मैंने कहा न, तू अभी बहुत भोली है। नारी का आकर्षण क्या कर सकता है, यह तू नहीं समझ सकती। यशोधरा भी नहीं समझ सकी। ज्वाला क्या कर सकती है, यह या ज्वाला जानती है, या वह काठ जो उसमें जलता है। यह तू कैसे जान सकती है, भोली अलका तू जो इतनी अनजान है ?

(घ) कुमार ! यह मृत्यु और निर्वासन का सुख, तुम अकेले ही लोगे, ऐसा नहीं हो सकता। राजा की इच्छा क्या है, यह जानते हो ? मुझसे और तुमसे एक साथ ही

छुटकारा। तो फिर यही क्यों न हो ? हम दोनों ही चलेंगे। मृत्यु के गह्वर में प्रवेश करने के समय मैं भी तुम्हारी ज्योति बनकर बुझ जाने की कामना रखती हूँ।

(ङ) बाबा अब तो तुम लोगों की 'सैल्फगवर्नमेंट' है। अब कौन हमको पूछता है, जो जिसके जी में आता है, करता है। अब चाहे वेद क्या संस्कृत का अक्षर भी स्वप्न में भी न देखा हो, पर धर्म विषय पर विवाद करने लगते हैं। हम तो केवल अदालत या व्यवहार या स्त्रियों के शपथ खाने को ही मिलाए जाते हैं। किसी को हमारा डर है ? कोई भी हमारा सच्चा 'लायक' है ?

2. कथेतर गद्य साहित्य की विभिन्न विधाओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 16

3. उपन्यास विधा के विभिन्न तत्वों के आधार पर विशेषताएँ बताइए। 16

4. 'उसने कहा था' में निहित संवेदना को स्पष्ट कीजिए। 16

5. 'निर्मला' उपन्यास की कथावस्तु की विशेषताएँ बताइए। 16

6. दृश्य माध्यम की विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए 'घीसा' की पटकथा की समीक्षा कीजिए। 16

7. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के आधार पर ध्रुवस्वामिनी का चरित्र-चित्रण कीजिए। 16

8. व्यंग्य निबन्ध के संदर्भ में 'पगडंडियों का जमाना' की विशेषताएँ बताइए। 16

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : $2 \times 8 = 16$

(क) 'भैया एक्सप्रेस' का कथ्य

(ख) यात्रावृत्तांत

(ग) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं ?' की भाषा

(घ) ललित निबन्ध

× × × × ×